राजस्थान सरकार

# प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान,जोधपुर

डब्ल्यू–6 रेजीडेन्सीरोड, जोधपुर, फोननं. 0291–2430440, 2636572 ईमेलbter.jodhpur@rajasthan.gov.in

क्रमांक :– एफ 5 (101) प्राशिमं / सामान्य / 2025–26 / 4893 दिनांक 01/07/25

**प्रधानाचार्य,**

समस्त सम्बद्ध पॉलिटेक्निक महाविद्यालय,

**द्वारा ई मेल।**

विषय :– सत्र् 2025–26 के लिये मण्डल से संबद्धता नवीनीकरण हेतु आवेदन करने की तिथि बढ़ाने के संबंध में।

सन्दर्भ :– मण्डल पत्रांक 1435 दिनांक 09.04.2025, 1737 दिनांक 30.04.2025 एवं 1946 दिनांक 09.05.2025।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि राज्य सरकार द्वारा नवीन राजकीय महाविद्यालय प्रारम्भ किये जाने एवं कुछ संस्थानों में प्रवेश क्षमता बढ़ाए जाने के फलस्वरूप AICTE द्वारा नवीन EOA जारी किये जाने के कारण सत्र् 2025–26 की सम्बद्धता हेतु ऑनलाईन आवेदन पोर्टल पुनः प्रारम्भ कर आवेदन की तिथियॉ दिनांक 02.07.2025 से 04.07.2025 तक निर्धारित की जाती है।

जिन राजकीय महाविद्यालयों में उपरोक्त परिवर्तन किये गए हैं, उन्हें पुनः संबद्धता पोर्टल पर आवेदन करना है।

शुल्क सहित ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात् पूर्ण रूप से भरे हुए संबद्धता आवेदन के प्रारूप 1, 2, 3 व 4 स्पीडपोस्ट द्वारा प्रेषित करने की अंतिम तिथि 13.07.2025 है।

अंतिम तिथि तक आवेदन नहीं करने पर सत्र् पर्यन्त मण्डल की गतिविधियों यथा नामांकन फार्म, परीक्षा फार्म इत्यादि से विद्यार्थियों के वंचित रहने पर समस्त जिम्मेदारी संस्थान की होगी।

**संयुक्त निदेशक एवं सचिव**

क्रमांक :– एफ 5 (101) प्राशिमं / सामान्य / 2025–26 / दिनांक

प्रतिलिपि :–निम्न को वास्ते सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. संयुक्त निदेशक (ई–2), प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, जोधपुर।
2. संयुक्त निदेशक (रजिस्ट्रार), प्राशिमं, जोधपुर को भेजकर लेख है कि संबद्धता नवीनीकरण नहीं करने वाले संस्थानों के विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म जारी नहीं किये जावें।
3. श्री उमेश चन्द जोशी, संयुक्त निदेशक एवं प्रभारी अधिकारी (ई–मित्र) DOIT, जयपुर को भेजकर लेख है कि ऑनलाईन ई–मित्र पोर्टल के माध्यम से संबद्वता शुल्क जमा करवाने की सेवा उपरोक्त तिथियों तक जारी रखवाने का श्रम करावें। (ऑनलाईन **द्वारा ई मेल**)
4. संयुक्त निदेशक (आई.टी.) तकनीकी शिक्षा निदेशालय, जोधपुर को भेजकर लेख है कि उक्त सेवा को ई–मित्र को उपलब्ध कराने हेतु डी.ओ.आई.टी. विभाग के सम्पर्क में रहें।
5. कार्यालयाध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा मण्डल, जोधपुर।
6. लेखा शाखा को सूचनार्थ एवं प्राप्त राशि का संस्थावार मिलान करने हेतु।
7. श्री सतीशनाथ, नोडल अधिकारी को मण्डल की वेबसाईट पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करवाने हेतु।

**संयुक्त निदेशक एवं सचिव**

Document signed by ANSHU KUMAR SAHGAL <DTE_RAJ@RAJASTHAN.GOV.IN>

Digitally Signed by ANSHU SAHGAL
Designation : Joint Director
Date :30-06-2025 05:29:29

RajKaj Ref No.: 16234556